medicare

Mental Health

नि:शुल्क और गोपनीय सहायता जब आपको इसकी आवश्यकता हो

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य ऑस्ट्रेलिया में हर किसी को नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण सेवाएँ प्रदान करता है।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य आपकी आवश्यकताओं और लक्ष्यों के अनुरूप देखभाल खोजने में आपकी सहायता कर सकता है। चाहे वह हमारी वेबसाइट के माध्यम से हो, फ़ोन द्वारा, या आमने-सामने, हम आपका मार्गदर्शन करने और आपको सलाह देने के लिए यहाँ हैं।

यदि आप अपने लिए या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता खोज कर रहे हैं जिसकी आप परवाह करते हैं - मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य शुरुआत करने के लिए एक अच्छी जगह है।

इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आपको अपॉइंटमेंट या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र प्रदान करता है:

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य | medicarementalhealth.gov.au

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य की वेबसाइट विश्वसनीय जानकारी, सेवाओं और संसाधनों को एक साथ प्रस्तुत करती है जिससे आपको सही सहायता खोजने में सहायता मिलती है।

ऐसी देखभाल प्राप्त करें जो आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो, चाहे वह मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवा या किसी अन्य नि:शुल्क या कम शुल्क वाले मानसिक स्वास्थ्य प्रदाता के द्वारा दी जा रही हो।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य | 1800 595 212

ऑस्ट्रेलिया में कोई भी मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य को 1800 595 212 पर, सप्ताह के काम के दिनों में (weekdays) सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक (सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर) नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण में सहायता के लिए कॉल कर सकता है।

आप एक प्रशिक्षित पेशेवर से बात करेंगे जो आपको स्थानीय मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और आपके लिए उपयुक्त सहायता प्राप्त करने में सहायता कर सकता/सकती है।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र स्वागतपूर्ण और पूर्वाग्रह से रहित स्थान हैं जहाँ आप नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सेवाएँ और सहायताएँ प्राप्त कर सकते हैं।

वे उन लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करते हैं जिन्हें इसकी आवश्यकता है, जिसमें उनके परिवार और देखभालकर्ता शामिल हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र अतिरिक्त घंटे खुले रहते हैं आपको अपॉइंटमेंट या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र किड्स हब्स

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स 0 से 12 वर्ष की आयु तक के बच्चों और उनके परिवारों, देखभालकर्ताओं और परिजनों के लिए नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण सहायता तथा सेवाओं को प्राप्त करने के लिए एक स्वागतपूर्ण स्थान प्रदान करता है। किसी औपचारिक निदान या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है।

मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स विभिन्न स्वास्थ्य पेशेवरों और सेवाओं तक पहुँच प्रदान करता है, जिनमें बाल रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता, संबद्ध स्वास्थ्य कार्यकर्ता, देखभाल समन्वय, मूल्यांकन और उपचार शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार 2026 के मध्य तक देश भर में 17 किड्स हब्स स्थापित करने के लिए सभी राज्य और टेरिटरी (territory) सरकारों के साथ काम कर रही है।

अधिक जानकारी

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अधिक जानने के लिए, और अपनी आवश्यकता के अनुरूप सहायता को खोजने के लिए:

- **medicarementalhealth.gov.au पर जाएँ**
- **मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य को 1800 595 212, पर, सप्ताह के काम के दिनों में (weekdays) सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक कॉल करें**
- **स्थानीय मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाएँ**
- **अपने नज़दीक बच्चों की सेवा खोजें**

आपात स्थिति में, हमेशा तीन शून्य (000) पर कॉल करें या सीधे अपने निकटतम आपातकालीन विभाग में जाएँ।